पाणिनीयशिक्षा का ओडिया भाषा में अनुवाद-प्रविधि-गत समस्याएं

(Pāṇinīya śikṣa kā Odiyā bhāṣa meṁ anuvāda – pravidhi - gata samasyāeṁ)

Dissertation submitted to Jawaharlal Nehru University
In partial fulfillment of the requirements
For the award of the Degree of

Master of Philosophy

Sachidananda Naik

School of Sanskrit and Indic Studies
Jawaharlal Nehru University
New Delhi
110067

2018

संस्कृत एवं प्राच्यविद्या अध्ययन संस्थान

जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय

नई दिल्ली - ११००६७

School of Sanskrit and Indic Studies

Jawaharlal Nehru University

New Delhi - 110067

23rd July, 2018

DECLARATION

I declare that the dissertation entitled "पाणिनीयशिक्षा का ओडिया भाषा में अनुवाद - प्रविधि-गत समस्याएं" (Pāṇinīya śikṣa kā Odiyā bhāṣa meṁ anuvāda – pravidhi - gata samasyāeṁ) submitted by me for the award of degree of **Master of Philosophy** is an original research work and has not been previously submitted for any other degree or diploma in any other institution/University.

सच्चिदानन्द नायक

(सच्चिदानन्द नायक)

संस्कृत एवं प्राच्यविद्या अध्ययन संस्थान

जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय

नई दिल्ली - ११००६७

School of Sanskrit and Indic Studies

Jawaharlal Nehru University

New Delhi - 110067

23rd July, 2018

CERTIFICATE

The dissertation "पाणिनीयशिक्षा का ओडिया भाषा में अनुवाद – प्रविधि-गतसमस्याएं" (Pāṇinīya śikṣa kā Odiyā bhāṣa meṁ anuvāda – pravidhi - gata samasyāeṁ) submitted by Sachidananda Naik to School of Sanskrit and Indic Studies Jawaharlal Nehru University, New Delhi - 110067 for the award of degree of **Master of Philosophy** is an original research work and has not been submitted so far, in part or full, for any other degree or diploma in any University. This may be placed before the examiners for evaluation.

Prof. Girish Nath Jha
(Dean, SSIS)

Dean
School of Sanskrit & Indic Studies
Jawaharlal Nehru University
New Delhi-110067, INDIA

Prof. Girish Nath Jha
(Supervisor)

PROF. GIRISH NATH JHA
Supervisor
School of Sanskrit & Indic Studies
Jawaharlal Nehru University
New Delhi-110067, INDIA

पूज्य पितामाता जी को

समर्पित करता हूँ।

आत्मनिवेदन

सच्चिदानन्द स्वरुपं विश्वत्पतये हेतवः।

तापत्रयविनाशायं श्रीकृष्णाय नुमः॥

परमपिता परमात्मा श्रीकृष्ण के अङ्ग में सम्पूर्ण सृष्टि का सौन्दर्य विद्यामान है, जिनकी लीला का श्रवण करने से दुर्जय मन भी शीघ्र ही भगवान में आसन्न हो जाता है। जिनका एक नाम लेनेमात्र से पाप में आसक्त जीव भी भय से मुक्त हो जाता है, उन्हें में कोटिशः प्रणाम करता हुँ।तदन्तर पूज्य गुरूदेव गिरीश नाथ झा जिनकी महत कृपा से कुशल मार्ग निर्देशन में मुझे पाणिनीयशिक्षा अध्ययन का सुअवसर प्राप्त हुआ तथा महोदय ने निष्ठा व परिश्रमपूर्वक अध्यापन कराकर शोधकार्य में प्रवृत कर निरन्तर उत्साहवर्द्धन किया।

भारतीय संस्कृति एवं प्राच्यविद्द्या अध्ययन संस्था के सभी गुरुजन श्री.उपेन्द्रराव सर, हरिराम मिश्र, रजनीशकुमार मिश्र, सुधीर कुमार आर्य, सन्तोष कुमार शुक्ल, टि.महेन्द्र, गोपाललाल मीणा, सत्यमूर्ती, ब्रजेश कुमार पाण्डे, गिरीश नाथ झा, रामनाथ झा के प्रति हृदय से आभार प्रकट करता हुँ, जिन्होंने मुझे प्रयत्नपूर्वक शिक्षा प्रदान कर शोधकार्य के योग्य बनाया।

मेरी माता श्रीमती झुनु नायक व पिता श्री प्रमोद कुमार को कोटिशः प्रणाम व धन्यवाद कारता हुँ, जिन्होंनें मेरे इस कार्य के साफल्य की प्रार्थना की व सहयोग दिया।

शोधकार्य हेतु विशेष धन्यवाद ज्ञापन करता हुँ,कीर्त्तीमयी,भाग्यश्री, रश्मी, कवि,ललित, सीताकान्त, अखिलेश, भबेश, सन्तोष, ज्वलन्त, राजेश, दीपक, सुदिम्न, प्रबोध, मनोज, बुद्धिआ, सहदेब, अनिल, उन सभी का जिन्होंने प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रुप से सहयोग प्रदान किया तथा धन्यवाद ज्ञापित करता हुँ।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय,लाल बहादुरशास्त्री विद्यापीठ तथा राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान पुस्तकालय के कर्मचारीवर्ग का आभार प्रकट करता हुँ, जिन्होनें मुझे शोधकार्य से सम्बन्धित विभिन्न ग्रन्थों व पत्रिकाओं को उपलब्ध कराकर मुझे सहायता प्रदान की।केन्द्र में कार्यरत सभी कर्मचारीवर्ग का धन्यवाद ज्ञापन करता हूँ।

सच्चिदानन्द नायक

संक्षिप्ताक्षर

अ.ष्टा - अष्टाध्यायी

अ.शा - अर्थशास्त्रम्

अथर्व- अथर्ववेद

अम.को - अमरकोश

ऋ.भा - ऋग्वेदभाष्य

ऋ.वे - ऋग्वेद

तै.शि - तैतरियशिक्षा

ध.सं - धर्म संग्रहः

नि. - निरुक्त

पा.भा - पञ्चिकाभाष्य

पा.शि - पाणिनियशिक्षा

म.भा - महाभाष्य

म.स्मृ - मनुस्मृति

मू.उ - मूड्कोपनिषद्

य.जु - यजुर्वेद

शि.शा - शिक्षाशास्त्र

श्री.गी - श्रीमद्भगवद्गीता

स.सा.इ - संस्कृतसाहित्य इतिहास

विषयानुक्रमणिका

आत्मनिवेदन 5

संक्षिप्ताक्षर i

विषयानुक्रमणिका iii

भूमिका v

वेदाङ्ग का परिचय v

शिक्षा का अर्थः viii

शिक्षा का उद्देश्यः viii

शिक्षाग्रन्थः ix

पाणिनीय शिक्षाः x

अध्याय विभाजन xi

प्रथम अध्याय : वेदाङ्गों में शिक्षा का स्थान तथा परम्परा 1

1. वेदाङ्ग 1

1.1. शिक्षा 1

1.2. कल्प 2

1.3. व्याकरण 3

1.4. निरुक्त 4

1.5. ज्योतिष 4

1.6. छन्द 5

1.7. छन्दोविषयक ग्रन्थः 5

2. शिक्षा की व्युत्पत्ति एवं परिभाषा 6

3. पाणिनि का परिचय 19

4. पाणिनीयशिक्षा की संरचना 20

5. प्रस्तुत क्षेत्र में विद्यमान पूर्ववर्ती शोधकार्य- 21

7. भारतीय भाषा में पाणिनीयशिक्षा का अनुवाद 23
8. प्रस्तुत शोधकार्य का वैशिष्ट्य 23
9. शोधप्रविधि 24
द्वितीय अध्याय : पाणिनीयशिक्षा का ओडिया भाषा में अनुवाद 25
तृतीय अध्याय : अनुवाद और अनुवाद-चिन्तन की परम्परा 47
3.1. अनुवाद शब्द : अर्थ और व्युत्पत्ति 47
3.2. अनुवाद का इतिहास 49
3.3. अनुवाद की शैलियाँ 53
3.4. अनुवाद: समस्याएँ और समाधान 57
उपसंहार 60
ध्वन्यात्मक शब्द Phonetic Terms 67
मूल ग्रन्थ 69
सन्दर्भग्रन्थ सूची 73

भूमिका

वेदाङ्ग का परिचय

वेदाङ्ग का अर्थ है वेदस्य अंगानि[1] वेदों के गूढ एवं वास्तविक अर्थों को जानने के लिए जिन सहायक तत्वों की आवश्यकता होती है उन्हें वेदाङ्ग कहते है। वेदाङ्गो के द्वारा मंन्त्रो का अर्थ, व्याख्या, यज्ञ, अनेक कार्य वोध होता है। प्रथमतः वेदाङ्ग वेदाध्ययन के लिए विशिष्ट उपयोगी साधन थे। आधुनिक काल में स्वतंत्र विषयों के रुप में विकसित हुए है।

वेदांग की संख्या छः हैं। इनके नाम हैं-

शिक्षा व्याकरणं छन्दो निरुक्तं ज्योतिषं तथा।

कल्पश्चेति षडङ्गानि वेदस्याहुर्मनीषिणः॥[2]

पाणिनीय शिक्षा में छः वेदाङ्गो का वेद पुरुष के छः अंङ्गो के रुप में वर्णन किया गया है।

छन्दः पादौ तु वेदस्य हस्तौ कल्पोअथ पठ्यते। ज्योतिषामयनं चक्षुर्निरुक्तं श्रोत्रमुच्यते।

शिक्षा घ्राणं तु वेदस्य मुखं व्याकरणं स्मृतम। तस्मात्सगंमधीत्यैव ब्रह्मलोके महीयते॥[3]

वेदाङ्ग का प्राचीनतम क्रमबद्ध उल्लेख मुंडक उपनिषद में प्राप्त होता है-

तस्मै स होवाच द्वे विद्ये वेदितव्ये इति ह स्म यद ब्रह्मविदे वदन्ति परा चैवाऽपरा च। तत्राऽपरा ऋग्वेदो यजुर्वेदोः सामवेदोथर्ववेदः शिक्षा कल्पो व्याकरणं निरुक्तं छन्दों ज्योतिषमिति[4]।

आपस्तम्बधर्मसूत्र में वेदांगों के क्रम इस प्रकार है- षड् वेदः ,छन्दःकल्पो व्याकरणं ज्योतिषं

निरुक्तं शीक्षा च्छन्दोविचितिरिति।[5]

---

[1] वैदिक साहित्य एवं संस्कृति पृ-१८९।

[2] वैदिक साहित्य एवं संस्कृति,पृ-१८९।

[3] पाणिनीयशिक्षा४१-४२।

[4] मुण्डक उपनिषद१.१.५

[5] आपस्तम्बधर्मसूत्र २।४।१।११

कातिय-गोत्रचरणपृछा-प्रतिज्ञासूत्र में भी वेदाङ्गो का क्रमवद्ध उल्लेख किया गया है- शिक्षा कल्पो व्याकरणं निरुक्तं छन्दो ज्योतिषमिति षडङ्गांनि। [6]

कौटलीय अर्थशास्त्र में भी वेदागों का उल्लेख किया गया है-

"**शिक्षा कल्पो व्याकरणं छन्दोविचितिर ज्योतिषमिति चाअगांनि**"[7]

वेदांङ्गो का उल्लेख श्रौतसूत्र, गृह्यसूत्र, धर्मसूत्र, स्मृति, पुराण, रामायण, महाभारत इत्यादि प्राचीन ग्रन्थों में प्राप्त होता है। पाणिनीय शिक्षा की शिक्षाप्रकाश व्याख्या में भी यह बात प्रतिपादित किया गया हैं। वेद के स्वरूप, प्रयोग, अर्थ और रहस्य को अच्छी तरह से समझाने के हेतु ही मुनीयों ने ये वेदांगों रूप सोपान बनाए हैं। यास्क के निरुक्त में आए हुए कथन से स्पष्ट ज्ञात होता है। यथा- "**साक्षातकुत्तधर्माण ऋषयो बभूवुस तेअवरेभ्योअसाक्षातकृतधर्मभ्य उपदेशेन मन्त्रन सम्प्रादुः, उपदेशाय ग्लयन्तोअवरे बिल्मग्रहणायेमं ग्रन्थं समाम्नासिषुर वेदं च वेदागांनि च**"। [8]

इस प्रकार स्पष्ट है कि वेदांङ्ग छह हैं- शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छंदशास्त्र और ज्योतिष।चारों वेदों के साथ उनके छ: वेदांगों की गणना कराकर उन्हें अपरा विद्या कहा गया है- **तत्रापरा ऋग्वेदो यजुर्वेदःसामवेदोअ्थर्ववेदःशिक्षा कल्पो व्याकरणं निरुक्तं छन्दो ज्योतिषमिति।**[9] इन छः वेदागों के तीन प्रमुख उद्देश्य हैं –

१.वेदों का अर्थबोध (व्याकरण तथा निरुक्त)

२.उनका सही उच्चारण (शिक्षा तथा छन्द) एवं

३.वेदों का प्रयोग (कल्प तथा ज्योतिष)

---

[6] काण्डिका ४, सूत्र ४।

[7] अर्थशास्त्र१।३।

[8] निरुक्त १।६।४

[9] मुण्डक उपनिषद १.१.५

छन्दः पादौ तु वेदस्य हस्तौ कल्पोअथ पठ्यते। ज्योतिषामयनं चक्षुर्निरुक्तं श्रोत्रमुच्यते। शिक्षा घ्राणं तु वेदस्य मुखं व्याकरणं स्मृतम। तस्मात्सगंमधीत्यैव ब्रह्मलोके महीयते॥[10]

वेदमन्त्र पादों में विभाजित हैं। छन्द से वेदमन्त्र के पादों की सीमा ज्ञात होती है। कल्प कर्मकाण्ड के विषय हैं। ज्योतिष के द्वारा कर्मानुष्ठान के काल पर दृष्टि रखी जाती है। निरुक्त अर्थज्ञान देता है। इसीलिए निरुक्त को वेद -पुरुष का श्रोत्र कहा गया है। शिक्षा नासिका का रुप दिया गया है। व्याकरण उच्चरित शद्वों की शुद्धाशुद्धता का तथा उनकी व्युत्पत्ति का विचार करने से वेद-पुरुष का मुख है। छः वेदाङ्ग अपने आप में पूर्ण शास्त्र या विज्ञान है। शिक्षा वेद की घ्राणेन्द्रिय है। जिस प्रकार शरीर में नासिका को उन्नत स्थान प्राप्त है। तथा इस इन्द्रिय का सम्बन्ध प्राण के साथ है। प्रकृत पाणिनीय शिक्षा ग्रन्थ में भी "शिक्षा घ्राणन्तु वेदस्य" [11] के प्रतिपादन में प्रयुक्त "तु" शब्द यह सूचित करता है। कि शिक्षाशास्त्र किसी अन्य वेदाङ्ग से तुलनीय नहीं है। क्योंकि श्वास-प्रश्वास के गतिशील रहने पर ही समस्त लोक जीवन धारण में समर्थ होता है। शिक्षाशास्त्रों का विधिवत ज्ञान जहाँ वेद के स्वरुप की रक्षा करता हुआ स्वर्ग लोक च कामधुक भवति[12] वचन को चरितार्थ करता है।

मन्त्रो हीनः स्वरतो वर्णतो वा
मिथ्याप्रयुक्तो न तदर्थमाह ।
स वग्वज्रो यजमानं हिनस्ति
यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात् ॥[13]

शिक्षा का उचित ज्ञान न होने से विरुद्ध स्वर का उच्चारण हो जाता है। वेद मन्त्र का पाठ यदि यथार्थ स्वर और वर्ण की थोडी भी त्रुटी हो जाती है तो अर्थ का अनर्थ हो जाता है। मिथ्या-

---

[10] पाणिनीयशिक्षाश्लोक४१-४२।

[11] पाणिनीयशिक्षा,श्लोक४१-४२।

[12] महाभाष्य

[13] पाणिनीयशिक्षाश्लोक५२

प्रयुक्त होने के कारण वह, उस अभीष्ट अर्थ का बोध नहीं होता है। वह वाक् रूपी वज्र बनकर यजमान के लिए अनिष्टकारक बन जाता है।

शिक्षा का अर्थः

शिक्षा का अर्थ है- वर्णोच्चारण की शिक्षा देना। सायण ने ऋग्वेदभाष्यभूमिका में शिक्षा का अर्थ है- जिसमें स्वर,वर्ण आदि के उच्चारण की शिक्षा दी जाती है उसे शिक्षा कहते है। वेदों के स्वर, वर्ण आदि के शुद्ध उच्चारण करने की शिक्षा जिससे मिलती है, वह शिक्षा है। वेदों के मन्त्रों का पठन पाठन तथा उच्चारण ठीक रीति से करने की सूचना इस शिक्षा से प्राप्त होती है। **स्वरवर्णाद्युच्चारणप्रकारो यत्र शिक्ष्यते उपदिश्यते सा शिक्षा।**[14]

शिक्षा का उद्देश्यः

वर्णोच्चारण की शिक्षादेना,वर्ण का किस स्थान से उच्चारण करना, क्या प्रयत्न करना, उनका विभाजन किस रुप में होना, कितने स्थान और क्या प्रयत्न हैं। शरीर-वायु किस प्रकार वर्ण के रुप में परिवर्तीत होती है। कितने स्वर है। किस स्वर का किस प्रकार उच्चारण किया जाता है। तैत्तिरीय उपनिषद् में शिक्षा के छः अङ्गों का उल्लेख है-

वर्णः, स्वरः, मात्रा, वलम् , साम, सन्तानः, इत्युक्तःशिक्षाध्ययः।[15]

१.वर्णः- वर्ण वा ध्वनि वेदों में ५२ वर्ण प्राप्त है। स्वर-१३, स्पर्श-२७ (क से म,ल् औरल्ह्) य र ल व श ष स ह-८, विसर्ग, अनुस्वार, जिह्वामूलीय और उध्मानीय -४=५२।

२.स्वरः- स्वर वर्ण तीन प्रकार है। उदात्त, अनुदात्त और स्वरित।

---

[14] सायण, ऋग्वेदभाष्य,पृ४९

[15] तैत्तिरीय उपनिषद्,श्लो.१.२।

३.मात्राः- स्वरों के उच्चारण में लगने वाले समय को मात्रा कहते हैं। मात्रा तीन प्रकार हैं। ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत।

४.बलः- वर्णों के उच्चारण में होने वाले प्रयत्न और उनके उच्चारण स्थान को बल कहते है। प्रयत्न दो प्रकार।१.आभ्यन्तर २.वाह्य।[16]

५.सामः-समविधि से सुस्पष्ट एवं सुस्वर से उच्चारण।स्वर एवं अर्थज्ञान-सहित प्रत्येक वर्ण का स्पष्ट उच्चारण करें।

६.सन्तानः- इसका अर्थ है संहिता अर्थात पदपाठ में प्रयुक्त शद्वों में संन्धि नियमों को लगाना। इसके लिए संधिनियोमों को जानना और उनका यथास्थान उपयोग करना।[17]

शिक्षाग्रन्थः

आजकाल ३५ शिक्षाग्रन्थ उपलव्ध हैं। इनमें मंन्त्रों के उच्चारण आदि का विस्तृत वर्णन है। ३२ शिक्षा ग्रन्थों का एक संकलन शिक्षासंग्रह नाम से प्रकाशित है।[18] इनमें ध्वनि विज्ञान से संबद्ध अनेक महत्वपूर्ण तथ्य दिए गए हैं। स्वर एवं व्यंजनों का भेद,स्वरों के उच्चारण संबन्धी अनेक भेद, स्थान प्रयत्न विवरण, अनुस्वार अनुनासिक का अन्तर,विसर्ग के विभिन्न रुप,ओ-औ के संवृत-विवृत रुप, वर्णोच्चारण की विधि, संधियों का विवेचन वर्णन है।

ऋग्वेदीय शिक्षाग्रन्थ-

शैशिरीय शिक्षा, शौनकीय शिक्षा, स्वरव्यञ्जन शिक्षा, शमान शिक्षा।

यजुर्वेदीय शिक्षाग्रन्थ-

---

[16] इनके विशेष विवरण के लिए देखेःसिद्धान्त कौमुदी संज्ञाप्रकरण।

[17] वैदिकसाहित्य एवं संस्कृति,पृ-१९२।

[18] युगलकिशोर पाठक द्वारा संपादित,बनारस सीरीज,में काशी से १८९३ ई.में प्रकाशित।

भारद्वाजशिक्षा, व्यासशिक्षा, शम्भुशिक्षा, कौहलीय शिक्षा, बौधायन शिक्षा, वासिष्ठी शिक्षा, वाल्मीकि एवं हारीत शिक्षा, आरण्यशिक्षा,

शुक्लयजुर्वेद से सम्बन्धित शिक्षाग्रन्थ-

याज्ञवल्क्यशिक्षा, वासिष्ठी शिक्षा, कात्यायनी शिक्षा, पाराशरी शिक्षा, माण्डवी शिक्षा, अमोघानन्दिनी शिक्षा, माध्यन्दिन, केशवी शिक्षा, मल्लशर्म शिक्षा, षोडशश्लोकी शिक्षा, अवसाननिर्णयशिक्षा, स्वरभक्तिलक्षणपरिशिष्टशिक्षा, गलदृक् शिक्षा, प्रातिशाख्यप्रदीपशिक्षा, यजर्विधानशिक्षा, स्वराङ्कशशिक्षा, स्वराष्टकशिक्षा।

सामवेद से सम्बद्ध शिक्षाग्रन्थ -

नारदीयशिक्षा, लोमशीशिक्षा, गौतमी शिक्षा,

अथर्ववेद से सम्बद्ध शिक्षायें-

माण्डूकी शिक्षा।[19]

इनके अतिरिक्त कुछ शिक्षा–सूत्र मिलते है। इनमें आपिशलि, पाणिनि और चन्द्रगोमी के शिक्षासूत्र प्रकाशित हैं।[20] इनमेंध्वनि-विज्ञान से संबद्ध अनेक महत्वपूर्ण तथ्य प्राप्त हैं। इनमें अक्षरों की उत्पत्ति, स्थान और प्रयत्न, वाह्या और आभ्यन्तर करण आदि का विवेचन है।

विशेष उल्लेखनीय शिक्षा–ग्रन्थः

पाणिनीय शिक्षाः

यह अत्यन्त प्रसिद्ध शिक्षाग्रन्थ है। वैदिक और लौकिक दोनों के लिए उपयुक्त है। इसमें ६० श्लोक हैं। मुख्य विषय वर्णों की संख्या, उच्चारण प्रक्रिया का ध्वनि वर्णन, स्थान और प्रयत्न का

---

[19] पाणिनीयशिक्षा ,सत्यप्रकाश दुवे,पृ

[20] शिक्षासूत्राणि ग्रन्थ,काशी,संवत् २००५।

विवरण, संवृत विवृत, घोष-अघोष, स्पष्ट आदि भेदों का वर्णन, पाठक के गुण-दोषों का वर्णन किया गया है।

अनुवाद

अनुबाद प्राचीन काल से चलता आया है परन्तु अनुवाद का महत्त्व वीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ से अत्यधिक बढ़ा है। इसका मुख्य कारण आधुनिक समय में हमारा आपसी सम्पर्क अत्यधिक बढ़ा है और भारतीय साहित्य के समेकित का इतिहास का अध्ययन लोकप्रिय हुआ है। सभी भारतीय भाषाओं के साहित्य का अध्ययन और अनुसंधान अनुवाद के विना सम्भव नहीं है। अनुवाद ने भारतीय साहित्य के अध्येताओं को एक-दूसरे के समीप लाने का सम्यक प्रयास किया है। अनुवाद मात्र एक साहित्यिक कार्य नहीं है अपितु प्रशासन, चिकित्सा, कला, संस्कृति, विज्ञान, विधि, प्रद्योगिकि, अनुसंधान, संचार, व्यवसाय, पत्रकारिता आदि क्षेत्रों में भी अनुवाद का महत्त्व है।

एक भाषा का किसी दूसरी भाषा में रूपान्तरण ही अनुवाद है। इस प्रकार अनुवादक का कार्य है, स्रोत भाषा में व्यक्त विचारों को लक्ष्य भाषा में व्यक्त करना है।[21]

अध्याय विभाजन

भूमिका

प्रथम अध्याय

वेदाङ्गों का परिचय, पाणिनीयशिक्षा की प्राचिनता एवं महत्व, शिक्षाग्रन्थ का महत्व, पाणिनि शिक्षा का भारतीय भाषा में अनुवाद, पूर्ववर्ती शोधकार्य का वर्णन किया जायेगा।

द्वितीय अध्यायः

पाणिनीयशिक्षा का श्लोक,अन्वय,ओडिआ अनुवाद किया जायेगा।

[21] अनुवाद विज्ञान

तृतीय अध्याय

अनुवाद का अर्थ एवं महत्व, अनुवाद के प्रभेद अनुवाद की परम्परा, अनुवाद में समस्या और समाधान, इन विषयों का वर्णन किया जायेगा।

प्रथम अध्याय

वेदाङ्गों में शिक्षा का स्थान तथा परम्परा

पाणिनि संस्कृत व्याकरण के सबसे बड़े विद्वान् थे। उनके ग्रन्थ का नाम अष्टाध्यायी है। अष्टाध्यायी में आठ अध्याय और चतु:सहस्र सूत्र है। पाणिनीय शिक्षा में छः वेदाङ्गों का वेद पुरुष के छः अंङ्गो के रुप में वर्णन किया गया है। शिक्षा, कल्प, व्याकरण, ज्योतिष, छन्द और निरूक्त - ये छ: वेदांग है।

छन्दः पादौ तु वेदस्य हस्तौ कल्पोऽथ पठ्यते
ज्योतिषामयनं चक्षुर्निरुक्तं श्रोत्रमुच्यते।
शिक्षा घ्राणं तु वेदस्य मुखं व्याकरणं स्मृतम्
तस्मात्साङ्कमधीत्यैव ब्रह्मलोके महीयते॥[22]

1. वेदाङ्ग

1.1. शिक्षा

जिस शास्त्र में वर्ण,स्वर,मात्रा,वल,साम,तथा सन्तान-इन छःविषयों का उपदेश हो उसे शिक्षा कहते है।**वर्णस्वराद्युच्चारणप्रकारो यत्रोपदिश्यते सा शिक्षा**[23] शिक्षा विषयों का निर्देश दिआ गया है- **वर्णः, स्वरः, मात्रा, वलम् , साम, सन्तानः, इत्युक्तःशिक्षाध्ययः**[24] शिक्षा वेद की घ्राणेन्द्रिय (नासिका) है। जिस प्रकार शरीर में नासिका को उन्नत स्थान प्राप्त है तथा इस इन्द्रिय का सम्बन्ध 'प्राण' के साथ है उसी प्रकार वेदाध्ययन में स्वरादि उच्चारण के द्वारा प्राणतत्त्व का सञ्चार करने के कारण शिक्षा वेद की नासिका है। प्रकृत पाणिनीय शिक्षा ग्रन्थ

---

[22] पाणिनीय शिक्षा.४१

[23] ऋग्वेदभाष्यभूमिका,पृ.३९।

[24] तैत्तिरीयोपनिषद् शिक्षावल्ली श्लो.१/२

में भी “शिक्षा घ्राणन्तु वेदस्य”[25] के प्रतिपादन में प्रयुक्त 'तु' शब्द यह सूचित करता है कि शिक्षाशास्त्र किसी अन्य वेदाङ्ग से तुलनीय नहीं है क्योंकि श्वास-प्रश्वास के गतिशील रहने पर ही समस्त लोक जीवन धारण में समर्थ होता है। शिक्षाशास्त्रों का विधिवत् ज्ञान जहाँ वेद के स्वरूप की रक्षा करता हुआ ‘स्वर्गे लोके च कामधुक् भवति'[26] वचन को चरितार्थ करता है वहाँ इसका समुचित ज्ञान न होने से विरुद्ध स्वर का उच्चारण हो जाता है| वेद मन्त्र का पाठ यदि यथार्थ स्वर और वर्ण से हीन हो तो मिथ्या-प्रयुक्त होने के कारण वह, उस अभीष्ट अर्थ का बोध नहीं करवाता; इतना ही नहीं वह वाक् रूपी वज्र बनकर यजमान के लिए अनिष्टकारक बन जाता है। यथा- ‘इन्द्रशत्रुः' पद स्वर भेदजनित अपराध के कारण यजमान के लिए अनिष्टकारी हो गया-

मन्त्रो हीनः स्वरतो वर्णतो वा, मिथ्याप्रयुक्तो न तमर्थमाह।

स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति, यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात्॥[27]

1.2. कल्प

विभिन्न वैदिक शाखाओं के ब्राह्मण-ग्रन्थों में विहित कर्मो का व्यवस्थित वर्णन करने वाला वेदाङ्ग कल्प कहा गया है।ब्राह्मणों के विधि-वाक्यों में कर्मों का निरुपण है। कर्म श्रौत्र तथा गृहकर्म के रुप में थे।इनके अतिरिक्त मानव के आचार-व्यवहार से सम्बद्ध धर्म काभी इनमे विवेचन था। सभी कर्म कल्प की परिधि में रखे गये है। **कल्पो वेदविहितानां कर्मणामानुपूर्व्येण कल्पनाशास्त्रम्।**[28] वेदों में विहित कर्म इतने व्यापक और विच्छिन्न थे कि

---

[25] पाणिनीय शिक्षा.४१

[26] व्याकरण महाभाष्य

[27] पाणिनीयशिक्षा श्लोक ५२

[28] विष्णुमित्र ने कल्प् का लक्षण दिया

उन्हें संक्षिप्त और व्यवस्थित करके कल्प-ग्रन्थों में सूत्रवद्ध किया गया।सूत्र के रुप में होने के कारण पाश्चात्य इतिहासकार कल्पों का विवरण सूत्रसाहित्य के अन्तर्गत करते हैं। कल्प का विवरण स्वतन्त्र अध्याय का विषय है। इसमें सभी वेदाङ्गों से अधिक साहित्य का विकास हुआ है। कल्प के चार भेद है-

१.श्रौतसूत्र

२.गृह्यसूत्र

३.धर्मसूत्र

४.शुल्वसूत्र।[29]

1.3. व्याकरण

व्याकरण शास्त्र के विवेचन को दो भागों में बाँटा जा सकता है-१.लौकिक व्याकरण या संस्कृत व्याकरण २.वैदिक व्याकरण।संस्कृत व्याकरण में पाणिनि आदि आचार्य हैं तथा अष्टाध्यायी महाभाष्य आदि ग्रन्थ हैं। वैदिक व्याकरण में प्रातिशाख्य ग्रन्थ हैं। व्याक्रियन्ते विवेच्यन्ते शद्वा अनेनेति व्याकरण अर्थात जिस शास्त्र के द्वारा शद्वों के प्रकृति प्रत्यय का विवेचन किया जाता है,उसे व्याकरण कहते हैं। इसमें यह विवेचन किया जाता है कि शद्व कैसे बनता है। इसमें क्या प्रकृति है और क्या प्रत्यय लगा है।तदनुसार शद्व का अर्थ निश्चित किया जाता है।ऋग्वेद के एक मंत्र का व्याकरण परक अर्थ किया है-

चत्वारि शृंगा त्रयो अस्य पादा द्वे शीर्षे सप्त हस्तासो अस्य।

त्रिधा बद्धो वृषभो रोरवीति महो देवो मर्त्यां आ विवेश।[30]

---

[29] संस्कृत साहित्य का इतिहास पृ ९०

[30] ऋग्.१९.७७

व्याकरण का मुख्य प्रयोजन **रक्षोहागमलघ्वसन्देहाः प्रयोजन**[31] इससे प्रकृति और प्रत्यय आदि के योग से शब्दों की सिद्धि और उदात्त, अनुदात्त तथा स्वरित स्वरो की स्थिति का बोध होता है।[32]

1.4. निरुक्त

निरुक्त का अर्थ है- निर्वचन,व्युत्पत्ति। शद्व के मूलरूप का ज्ञान कराना, शद्व में प्रकृति-प्रत्यय का स्पष्टीकरण,धात्वर्थ और प्रत्ययार्थ का विशदीकरण,समानार्थक और नानार्थक शद्वों का विवेचन आदि कार्य निरुक्त का है। इसके लिए Etymology शद्व प्रयोग है। जिसका अर्थ है शद्व की उत्पत्ति और उसके विकास की प्रक्रिया का अध्ययन। इसे ही शद्व-व्युत्पत्ति-शास्त्र भी कहा जाता है।[33] वेदों मे जिन शब्दों का प्रयोग जिन-जिन अर्थों मे किया गया है, उनके उन-उन अर्थों का निश्चयात्मक रूप से उल्लेख निरूक्त मे किया गया है।

1.5. ज्योतिष

इससे वैदिक यज्ञों और अनुष्ठानों का समय ज्ञात होता है। वेदों में विहित कर्मानुष्टानु का समुचित काल जानने के लिए वेदाङ्ग के रुप में ज्योतिष-शास्त्र का उपयोग होता है। लगध रचित वेदाङ्गज्योतिष नामक ग्रन्थ इसका प्रतिनिधि ग्रन्थ है, जिसका समय शंकर बालकृष्ण दीक्षित्त ने १४०० ई.पू सिद्धि किया है। इसके तृत्तीय श्लोक में ज्योतिष की उपयोगिता इस प्रकार बतायी गयी है।

वेदा हि यज्ञार्थमभिप्रवृत्ताः कालाभिपूर्वा विहिताश्च यज्ञाः।

---

[31] महाभाष्य आह्निक ।

[32] वैदिक साहित्यएवं संस्कृति पृ. १९३-१९५।

[33] वैदिक साहित्यएवं संस्कृति पृ. २०३।

तस्मादिदं कालविधानशास्त्रं यो ज्योतिषं वेद स वेद यज्ञम्॥[34]

वेदाङ्गज्योतिष के दो पाठ मिलते है-आर्चज्योतिष और याजुष ज्योतिष।क्रमशः छत्तीस तथा तेंतालिस श्लोक है।

1.6. छन्द

छन्दस् शद्व छद् धातु से बना है। यास्क ने निरुक्त में छन्दस् का निर्वचन दिया है। **छन्दांसि छादनात्**[35] अर्थात छन्द भावों को आछादित करके उसे समष्टिरुप प्रदान करता है। कात्यायन ने छन्द का लक्षण दिया है- **यदक्षरपरिमाणं तच्छन्दः**[36] जिसमें वर्णों या अक्षरों की संख्या निर्धारित होती है, उसे छन्द कहते हैं। अक्षरों की संख्या के आधार पर ही छन्दों के नाम रखे गए हैं।

1.7. छन्दोविषयक ग्रन्थः

वैदिक छन्दों से संबद्ध सामग्री इन ग्रन्थों में प्राप्त होती है। ऋक् प्रातिशाख्य, शांख्यायन श्रौतसूत्र, सामवेद का निदानसूत्र, पिंगल प्रणीत छन्दःसूत्र, कात्यायन कृत दो छन्दोअनुक्रमणियाँ।[37] ।

स्वरवर्णापराधपरिहाराय शिक्षाग्रन्थोऽपेक्षितः।[38]

इन स्वर वर्णोच्चारण के लिए हृदय, कण्ठ और शिर- ये तीन स्थान हैं। इन तीनों को 'सवन' भी कहते हैं। उरोभाग में निम्न स्वर से किया गया उच्चारण प्रातः पवन कहा जाता है। कण्ठ स्थान में मध्यम स्वर से सम्बन्धित उच्चारण को 'माध्यन्दिन सवन' कहते हैं तथा शिरोभाग में

---

[34] संस्कृत साहित्य का इतिहास पृ. ९५

[35] निरुक्त ७.१२।

[36] सर्वानुक्रमणी १२.६

[37] वैदिक साहित्य एवं संस्कृति पृ. १९९

[38] ऋग्वेदभाष्यभूमिका सायणाचार्य

उच्च स्तर से किया गया उच्चारण तृतीय सवन कहलाता है। अधरोत्तर भेद से सप्त स्वरात्मक साम के भी पूर्वोक्त तीन स्थान ही हैं। उरोभाग, कण्ठ तथा शिर- ये सात स्वरों के विचरण स्थान है। किन्तु उरः स्थल में मन्द्र तथा अतिस्वार की सही अभिव्यक्ति न होने के कारण उसे सातों स्वरों, कहा गया है।

2. शिक्षा की व्युत्पत्ति एवं परिभाषा

शिक्षा का व्युत्पत्ति शद्व वताते है। शिक्षा व्युत्पत्ति के आधार को शिक्ष-अभ्यासे धातु से गुरोश्च हलः सूत्र से अ प्रत्यय तथा स्त्रीत्वविवक्षा में टाप् प्रत्यय करके शिक्षा शब्द निष्पन्न होता है। शक्लृ-शक्तौ धातु से शक्तुमिच्छा शिक्षा व्युत्पत्ति प्रदर्शित करने पर सन् प्रत्ययान्त शक् धातु से इस्, तथा अ, प्रत्ययात् से अ, प्रत्यय करके शिक्षा शब्द निष्पन्न होता है।शिक्षा वेदाङ्ग के सन्दर्भ में शिक्ष्यते यया सा शिक्षा व्युत्पत्ति अधिक सारगर्भित है। ऋग्वेद-भाष्य-भूमिका आचार्य सायण उक्ति है-**स्वरवर्णाद्युच्चारणप्रकारो यत्र शिक्ष्यते सा शिक्षा**।[39] अर्थात् उदात्त, अनुदात्त, स्वरित स्वरों तथा वर्णोच्चारण की विधि जिस शास्त्र में सिखाई जाती है- उसे शिक्षा कहते हैं। पण्डित गोपालशास्त्री नेने महोदय ने वाराणसी से प्रकाशित पाणिनीय शिक्षा (पञ्जिकाभाष्य सहित) के प्रास्ताविक में शिक्षा को अति स्पष्ट रूप से परिभाषित करते हुए लिखा है-

शिक्षानाम-उदात्तानुदात्तस्वरितप्रचयाख्यस्वर-ह्रस्व-दीर्घ-प्लुतानुनासिकाननु।

नासिकादिभेदभिन्नवर्णसमुदायात्मक पदोच्चारणप्रकारबोधको ग्रन्थविशेषः।[40] उदात्त, अनुदात्त, स्वरित और प्रचय नामक स्वर तथा ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत, अनुनासिक,अननुनासिक, भेदों से युक्त, अकारादि वर्णसमुदाय रूप पदों के उच्चारण की विधि का बोधक ग्रन्थ है।

---

[39] ऋग्वेदभाष्य भूमिका

[40] पाणिनीय-शिक्षा

शिक्षाशास्त्र की प्राचीनता

शिक्षाशास्त्र महत्त्वपूर्ण वेदाङ्ग के रूप में प्रतिष्ठित है। वेदमन्त्रों के उच्चारण आदि के समय प्राचीन ऋषि, अपने शिष्यों को स्वयं उच्चारण स्वरों का प्रदर्शित करते है। शिक्षा का उपदेश देते थे। निरुक्तकार यास्क स्पष्ट लिखते है-

'साक्षात्कृतधर्माण ऋषयो बभूवुस्तेऽवरेभ्योऽसाक्षात्कृतधर्मभ्य उपदेशेन सम्प्रादुः, उपेंदेशाय ग्लायन्तोऽपरे बिल्मग्रहणायेम ग्रन्थं समाम्नासिषुर्वेदं च वेदाङ्गानि च।[41]

इसके अतिरिक्त शिक्षाशास्त्र की प्राचीनता को प्रमाणित करने वाले विषयों के सन्दर्भ उपनिषद् एवं ब्राह्मण ग्रन्थों में उपलब्ध हैं-

ओकारं पृच्छामः। किं स्थानानुप्रदानकरणं शिक्षुकाः किमुच्चारयन्ति। किं स्थानमित्युभावोष्ठौ। द्वितीयस्पृष्टकरणस्थितिश्च।षडङ्गविदस्तत्तथाधीमहे।[42]

मुण्डकोपनिषद् में उल्लेख है-

तत्रापरा-ऋग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोऽथर्ववेदः, शिक्षा कल्पोव्याकरणंनिरुक्तंछन्दोज्योतिषमिति।[43]

तैत्तिरीयोपनिषद् का प्रथम अध्याय शीक्षाध्याय में प्रथित है-

अथ शीक्षां व्याख्यास्यामः –वर्णः स्वरः मात्रा बलं साम-सन्तान इत्युक्तः शीक्षाध्यायः।[44]

शिक्षा-वेदाङ्ग के प्रवक्ता

ब्रह्मा संस्कृत वाङ्गमय में समस्त विद्याओं के आदि प्रवक्ता है। ब्रह्मा का नाम अत्यन्त गौरव के साथ लिया जाता है। अतएव ऋकतन्त्र में विद्या की परम्परा का वर्णन करते हुए लिखा गया है-

---

41 निरुक्त १/६

42 गोपथब्राह्मण १/२४/१/७

43 मुण्डकोपनिषद् १/५

44 ते. उप. १/२

ब्रह्मा बृहस्पतये प्रोवाच, बृहस्पतिरिन्द्रायेन्द्रो।

भरद्वाजाय, भरद्वाजः ऋषिभ्यः, ऋषयो ब्राह्मणेभ्यः॥[45]

अर्थात् अक्षरसमाम्नाय/वर्णमाला का उपदेश सर्वप्रथम ब्रह्मा ने बृहस्पति को दिया बृहस्पति ने इन्द्र को, इन्द्र ने भरद्वाज को, भरद्वाज ने ऋषियों को तथा ऋषियों ने ब्राह्मणों को अक्षरसमाम्नाय–शिक्षा वेदाङ्ग का मौलिक एवं प्रमुख अङ्ग है। इस प्रकार से यह ज्ञात होता है कि शिक्षा वेदाङ्ग के आदि प्रवर्तक ब्रह्मा हैं।

बृहस्पति-

शिक्षा वेदाङ्ग के द्वितीय प्रवक्ता बृहस्पति अङ्गिरा के पुत्र थे। अत एव इनका आंगिरस के नाम से भी अभिधान किया गया है। **बृहस्पतिर्वै देवानां पुरोहितः।**[46] वचन के अनुसार ये देवों के पुरोहित थे। इन्होंने वेदाङ्गों का प्रवचन किया है-**वेदाङ्गानि बृहस्पतिः।**[47]

इन्द्र-

व्याकरण महाभाष्यकार पतञ्जलिमुनि ने श्रुति वचन के आधार पर यह स्पष्ट किया है कि बृहस्पति ने इन्द्र को प्रतिपदपाठ पद्धति से शब्दों का उपदेश दिया था। बृहस्पतिरिन्द्राय दिव्यं वर्षसहस्रं प्रतिपदोक्तानां शब्दानां शब्दपारायणं प्रोवाच ।[48] अतः इन्द्र, बृहस्पति के शिष्य थे। इन्होंने प्रतिपद पाठविधि की अनन्तता दुरूहता का अनुभव करके प्रकृति-प्रत्यय संविभागपूर्वक शब्दविद्या के अध्ययन-अध्यापन की रीति विकसित की थी- देवा इन्द्रमब्रुवन्-

---

45 ऋक्तन्त्र १/४

46 ऐतरेय ब्राह्मण ८/ २६

47 महाभा. शा. प. ११२-३२

48 व्याकरणमंहाभाष्य १/११-१

इमां नो वाचं व्याकुर्विति। **तामिन्द्रो मध्यतोऽवक्रम्य व्याकरोत्।।**[49] इन्द्र के द्वारा प्रणीत व्याकरणशास्त्र सम्प्रति अनुपलब्ध है।

भरद्वाज-

आचार्य बृहस्पति के पुत्र का नाम भरद्वाज था।वह देवताओं के पुरोहित थे। काशिकावृत्ति के उल्लेखानुसार इनके २१ पुत्र थे -एकविंशति भारद्वाजम्। किन्तु ऋग्वेद की सर्वानुक्रमणी में इनकी एकादश सन्तानों का नामोल्लेख प्राप्त होता है।भरद्वाज ने इन्द्र से अक्षरसमाम्नय शिक्षा वेदाङ्ग की विधिवत शिक्षा ग्रहण की थी। इस तथ्य का उल्लेख हमें ऋकतन्त्र में प्राप्त होता है। ऐतरेय आरण्यक के अनुसार यह सुस्पष्ट होता है कि इन्द्र ने घोषवत तथा ऊष्म वर्णो का उपदेश किया था।

शिक्षा ग्रन्थ- ऋग्वेदीय शिक्षाग्रन्थ-

1. शैशिरीय शिक्षा- ऋग्वेद की शैशिरीय शाखा से सम्बन्धित यह शिक्षा ग्रन्थ **360** कारिकाओं से समन्वित है। इस शिक्षा ग्रन्थ का प्रतिपाद्य वर्णोच्चारणस्थान, करण, प्रयत्न आदि हैं। इसमें वेदमन्त्रों के अध्येता के गुण-दोषों का विस्तारपूर्वक निरूपण किया गया है।

2. शौनकीय शिक्षा- कारिका रूप में निबद्ध इस शिक्षाग्रन्थ में स्वरवर्णो एवं उदात्त आदि स्वरों, उच्चारणप्रक्रिया से सम्बद्ध स्थान प्रयत्न करण तथा वर्णोच्चारण से सम्बन्धित मात्रा काल आदि का भी विवेचन किया गया है। विवृत्ति, स्वरभक्ति, यम एवं रङ्ग आदि के सम्बन्ध में यहाँ सोदाहरण विचार किया गया है।

३.**स्वरव्यञ्जन शिक्षा**- कारिका रूप में निबद्ध इस शिक्षाग्रन्थ में अक्षरसमाम्नाय के अन्तर्गत परिगणित स्वर एवं व्यञ्जन वर्णो का भाषावैज्ञानिक दृष्टि से विचार किया गया है। इसमें

---

[49] तैत्तिरीय संहिता

ऋग्वेद प्रातिशाख्य के नियमों के सोदाहरण विवेचन से उसका परवर्ती होना जान पड़ता है। कतिपय आचार्यों के अनुसार यह ग्रन्थ पाणिनि से भी परवर्ती है।

4. शमान शिक्षा- सूत्रशैली में निबद्ध इस ग्रन्थ में ऋग्वेद संहिता के विसर्जनीय प्रकरण से सम्बद्ध स्थलों का निर्देश किया गया है।

यजुर्वेदीय शिक्षाग्रन्थ-

वेदलक्षणानुक्रमणिका में कृष्ण यजुर्वेद की नव प्रधान शिक्षाओं तथा तीन उपशिक्षाओं का कथन किया गया है-

भारद्वाजव्यासश्म्भुपाणिनिकौहलीयकम्। बौधायनो वसिष्ठश्च वाल्मीकिर्हरितं नव॥

सर्वसम्मतमारण्यं तथा सिद्धान्तमेव च। उपशिक्षा इमे प्रोक्ता लक्षण्ज्ञानकोविदैः॥[50]

किन्तु व्यासशिक्षा ग्रन्थ के भाष्यकार ब्रह्म जी राजा घनपाठी के द्वारा सर्वलक्षण-मञ्जरीकार की एक कारीका उद्धृत की गयी है। जिसमें कृष्णयजुर्वेद शिक्षाओं के अन्तर्गत व्यासशिक्षा, लक्ष्मीशिक्षा, भारद्वाजशिक्षा, आरण्यकशिक्षा, शम्भुशिक्षा, आपिशलिशिक्षा, पाणिनीयशिक्षा, कौहलीयशिक्षा तथा वासिष्ठीशिक्षा को समाहित किया गया है। जो इस प्रकार हैं-

१.भारद्वाजशिक्षा-

चतुर्वेदाध्यायी भारद्वाज ने १३० कारिकाओं में वर्णों के सम्बन्ध में शङ्काओं का समाधान प्रस्तुत किया है। विक्रम से तीन हजार वर्ष पूर्व विद्यमान भारद्वाज के अनेक मत कौटिल्य के अर्थशास्त्र में भी दिखाई पडते हैं जिहनें टीकाकारों ने द्रोण भारद्वाज का मत बताया है।

---

[50] वेदलक्षणानुक्रमणिका ५-६

२.**व्यासशिक्षा-**

महर्षि व्यास के द्वारा अठ्ठाईस प्रकरणों में उपनिबद्ध इस शिक्षाग्रन्थ है। प्रथम संस्करण में संज्ञा प्रकरण से सुरु करके अट्ठाईस प्रकरण में वेदमन्त्रों के यथाविधि उच्चारण से सम्बन्धित फल का निरूपण किया गया है।

३.**शम्भुशिक्षा**- क्रमावसानकारिका नामक शिक्षाग्रन्थ के रचनाकार शम्भुमिश्र ने यजुर्वेद से सम्बन्धित मन्त्रों के क्रमावसान के विषय में विशद एवं स्पष्ट प्रतिपादन किया है। डॉ. कीलहार्न के अनुसार यह ग्रन्थ पाणिनीय शिक्षा का ही रूपान्तरण है। तैत्तिरीय प्रातिशाख्य के भाष्यकार गार्यगोपालयज्वा तथा सोमयार्य ने अपने भाष्यग्रन्थों में इस शिक्षा का उल्लेख किया है किन्तु दुर्भाग्यश यह ग्रन्थ अप्रकाशित है।

४. **कौहलीय शिक्षा**- ७९ कारिकाओं में उपनिबद्ध इस शिक्षाग्रन्थ में वाणी के साथ हस्तचालन द्वारा स्वर प्रदर्शन का निर्देश दिया गया है। प्रकृत ग्रन्थ का वर्ण्य विषय व्यासशिक्षा के सदृश ही है।

५.**बौधायन शिक्षा**-यह शिक्षाग्रन्थ अनुपलब्ध है किन्तु वेदलक्षणानुक्रमणी में इसका उल्लेख मिलता है।

६.**वासिष्ठी शिक्षा**- अद्यावधि अप्रकाशित इस शिक्षाग्रन्थ की एक कारिका को तैत्तिरीय प्रातिशाख्य के भाष्यकार गार्यगोपालयज्वा ने उद्धृत किया है।

७.**वाल्मीकि एवं हारीत शिक्षा-** इन दोनों ही शिक्षाओं का उल्लेख तैत्तिरीय प्रातिशाख्य तथा वेदलक्षणानुक्रमणी में किया गया है तथापि यह पाण्डुलिपि अनुपलब्ध है।

८.**आरण्यशिक्षा**- प्रकृत शिक्षा के अन्तर्गत मुख्य रूप से उदात्त आदि स्वरों का वर्णन है। इसमें वर्ण्य प्रतिपाद्यविषयों में गाम्भीर्य का प्रतिपादन करते हुए स्वयं को समुद्रमन्थन से निःसृत अमृततुल्य कहा गया है-

क्षितिसुरगणहेतेहेतेरितदारण्यशिक्षामृतमिवनवशिक्षावारिधेरुद्धरामि।

१.याज्ञवल्क्यशिक्षा–

कारिकारूप में उपनिबद्ध इस शिक्षाग्रन्थ के प्रवक्ता यावल्क्य के सम्बन्ध में शतपथब्राह्मण, शांखायन, आरण्यक तथा पुराणों में अनेक आख्यान प्राप्त होते हैं। वायु तथा ब्रह्माण्ड पुराण इन्हें विश्वामित्र गोत्रोत्पन्न मानते हैं। किन्तु मस्त्य पुराण इन्हें वसिष्ठ गोत्रीय कहता है। बृहदारण्यकोपनिषद् के अनुसार कात्यायनी मैत्रेयी इनकी दो पत्नियां थीं। कात्यायन याज्ञवल्क्य के पुत्र थे जो पारस्कर नाम से भी प्रसिद्ध थे। याज्ञवल्क्य के दो विद्यागुरु थे।शाकल्य तथा वैशम्पायन जिनमें इन्हों शाकल्य से ऋग्वेद का तथा वैशम्पायन से यजुर्वेद का अध्ययन किया था।[51]

प्रकृत शिक्षाग्रन्थ-

कारिकाओं से संवलित होकर भी यह शिक्षाग्रन्थ गद्यात्मक भागों से भी युक्त है। जो पूर्वार्द्ध एवम् उत्तरार्द्ध दो भागों में व्यवस्थित है। इनमें पूर्वार्द्ध में १२ तथा उत्तरार्द्ध में १२१ कारिकायें हैं। प्रारम्भ में उदात्त अनुदात्त तथा स्वरित स्वरों के विवेचन के साथ उनके देवता, वर्ण, स्थान तथा गोत्र का भी वर्णन किया गया है।

वासिष्ठी शिक्षा-

वसिष्ठ ऋषि कृत गद्य रूप में उपनिबद्ध इस शिक्षाग्रन्थ में शुक्लयजुर्वेद की माध्यन्दिन संहिता से सम्बन्धित ऋचाओँ और यजुषों का विधान किया गया है। चालीस खण्डों में विभक्त इस ग्रन्थ को सर्वानुक्रमणी ग्रन्थ का अनुसरण करने वाला बताया गया है-

अथ शिक्षां प्रवक्षामि वासिष्ठस्य मतं यथा ।
सर्वानुक्रममुद्धृत्य ऋग्यजुषोस्तु लक्षणम्॥[52]

---

[51] शिक्षावल्ली नामक टीका।

[52] वासिष्ठी शिक्षा

कात्यायनी शिक्षा-

संस्कृत वाङ्मय में अनेक कात्यायन हुए है। वार्तिककार कात्यायन अधिक ख्यातिप्राप्त है। सम्प्रति कात्यायनी शिक्षा एवं स्वरभक्तिलक्षण शिक्षा कात्यायन के नाम से प्राप्त होती हैं। कात्यायन शिक्षा में स्वरित वर्ण के विषय में प्रमुखता से विचार प्रस्तुत किये गये हैं। तथा स्वरभक्तिलक्षण शिक्षा में जात्यादि स्वरों के सम्बन्ध में विशिष्ट प्रतिपादन किया गया है।

पाराशरी शिक्षा-

पाराशर के नाम से पाराशरी शिक्षा नामक ग्रन्थ उपलब्ध है। सम्भव है कि पराशर ऋषि ने भी शिक्षा सम्बन्धी कुछ विशिष्ट उपदेश किये है। जिनको आधार बनाकर किसी अन्य विद्वान् ने पाराशर मत के अनुरूप यह पाराशरी शिक्षा नामक ग्रन्थ लिखा हो। इस शिक्षा ग्रन्थ में 160 श्लोक हैं।

माण्डवी शिक्षा-

माण्डवी शिक्षा नामक ग्रन्थ के आधार पर ज्ञात होता है कि माण्डवी ने भी शिक्षा विषयक उपदेश किया होगा किन्तु यह रचना आधुनिक प्रतीत होती है। माण्डवी, संहिताओं के पदकार के रूप में प्रतिष्ठित थे- ऐसे सङ्केत प्राप्त होते हैं।

अमोघानन्दिनी शिक्षा-

१३० कारिकाओं में ग्रथित इस शिक्षाग्रन्थ है। इसमें सर्वाधिक विशेष विधान एकमात्रिक ह्रस्व स्वर वर्णों के लिए क्षिप्र संज्ञा का प्रयोग है ग्रन्थ के अन्त में शुद्ध उच्चारण के महत्त्व, सम्प्रदायानुयायी होना श्रेष्ठ बताया गया है।

माध्यन्दिनशिक्षा-

माध्यन्दिन शिक्षा नामक एक ग्रन्थ सम्प्रति उपलब्ध है। यह माध्यन्दिनी संहिता के उच्चारण स्वरादि से सम्बन्धित है। प्रातिशाख्यग्रन्थों के आधार पर विरचित इस शिक्षा में वर्ण,

वर्णस्थान, प्रयत्न, स्वरभक्ति, जात्यादि अष्ट स्वर, वर्णों के देवता, उदात्तादि स्वरों के देवता, ऋषि आदि का विशद वर्णन प्राप्त होता है।

केशवी शिक्षा-

आचार्य केशव के नाम से गद्यात्मक एवं पद्यात्मक दो शिक्षा उपलब्ध होते हैं। इस शिक्षा ग्रन्थ की रचना प्रतिज्ञा सूत्र नामक ग्रन्थ के आधार पर है। पद्यात्मक केशवी शिक्षा में २१ श्लोक हैं।

मल्लशर्म शिक्षा- पैंसठ श्लोकों में ग्रथित इस शिक्षाग्रन्थ में हस्तस्वर प्रक्रिया विधान के अनन्तर वेदाध्ययन के प्रारम्भ तथा अन्त में प्रणव रूप ओङ्कार के उच्चारण की चर्चा की गयी है। **षोडशश्लोकी शिक्षा-**

सोलह कारिकाओं में उपनिबद्ध इस शिक्षाग्रन्थ में वर्णसंख्यानिर्देश है। इस शिक्षा में अक्षरसमाम्नाय को पाणिनीय सूत्रों के आधार पर व्यवस्थित किया गया है।

अवसाननिर्णयशिक्षा-

अनन्तदेवकृत गद्यात्मक इस शिक्षाग्रन्थ को चौदह खण्डों में विभक्त किया गया है।

स्वरभक्तिलक्षणपरिशिष्टशिक्षा-

बयालीस कारिकाओं वाले इस शिक्षाग्रन्थ है। इसमे स्वरित के भेद, लक्षण, अनुस्वार का स्वरूप, प्रस्तुत किये गये हैं।

क्रमसन्धानशिक्षा-

गद्यात्मक प्रकृत शिक्षाग्रन्थ में क्रमसन्धानों का परिगणन किया गया है जो क्रमपाठ की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हैं। इस क्रमपाठ में पदपाठ एवं संहितापाठ का एक साथ रूप प्रस्तुत किया जाता है। **गलदृक् शिक्षा–**

शुक्ल यजुर्वेद में कतिपय ऐसी ऋचायें हैं जो गलत है। गलत् ऋचाओं को पद तता क्रमपाठ में छोड़ दिया जाता है जिन स्थलों पर इनका त्याग किया जाता है वे स्थल गलत् कहलाते हैं।

प्रातिशाख्यप्रदीपशिक्षा-

तीन प्रकरण वाले इस शिक्षाग्रन्थ है।प्रकृत शिक्षाग्रन्थ में वेदाध्ययनविचार, स्वरविचार, सन्धिविचार नामक प्रकरण हैं।

यजर्विधानशिक्षा-

छः अध्यायों में विभक्त प्रकृत गद्यात्मक शिक्षाग्रन्थ है।इसमें विषयविवेचन की दृष्टि से अध्यायों का अवान्तर विभाग भी किया गया है। इस विभाग का नाम कण्डिका है।

स्वराङ्कशशिक्षा-

पच्चीस कारिकाओं में ग्रथित इस शिक्षाग्रन्थ में उदात, अनुदात, तथा स्वरित स्वरों के भेदोपभेद का निरूपण किया गया है। इस शिक्षा के रचयिता जयन्त स्वामी है ।

स्वराष्टकशिक्षा-

छः भागों में विभक्त इस शिक्षाग्रन्थ को सूत्रात्मक शैली में लिखा गया है। इसमें मुख्य रूप से अक्षरसमाम्नाय, अच् सन्धि, स्वर, हस्तसञ्चालन, हलसन्धि विसर्गसन्धि सम्बन्द में विवेचन है।

सामवेद से सम्बद्ध शिक्षाग्रन्थ

नारदीयशिक्षा-

शिक्षा वेदाङ्ग के रूप में नारदीय शिक्षा अत्यन्त प्रसिद्ध है। नारद नामक किसी आचार्य ने इसका प्रणयन किया है। इसमें २३६ श्लोक है। नारदीय शिक्षा पर शिक्षाविवरण नामक एक संक्षिप्त टीका भी प्राप्त होती है, जो कि भट्ट शोभाकर पण्डित के द्वारा विरचित है।।

2. लोमशीशिक्षा-

लोमश प्रोक्त शिक्षा के आधार पर लोमशी शिक्षा प्राप्त होती है। मूलतः यह सामवेदीय शिक्षा है। लोमशी शिक्षा के अवसान में प्राप्त श्लोक द्वयी से ज्ञात होता है कि गौतमी शिक्षा एवं लोमशी शिक्षा का प्रणयन पण्डित युगल किशोर पाठक ने वि. सं. १९४९ में किया था।

गौतमी शिक्षा- गौतम प्रणीत गौतमी शिक्षा सम्प्रति उपलब्ध है । गौतम ऋषि का स्मरण महाभाष्यकार पतञ्जलि ने आपिशलि एवं पाणिनि के साथ किया है[53] यहाँ पाठान्तर में व्याडि का उल्लेख भी हुआ है।वस्तुतःगौतम प्राचीन ऋषि हैं। सम्भवतः उसी को आधार मानकर यह गौतमी शिक्षा रची गई हो।

अथर्ववेद से सम्बद्ध शिक्षायें

माण्डूकी शिक्षा-

मण्डूक शिक्षा अति प्राचीन हैं। ऐतरेय आरण्यक एवम् ऋक प्रातिशाख्य में मण्डूक ऋषि के पुत्र माण्डूकेय के मत का विमर्श सम्प्राप्त होता है। निश्चित रूप से ये पाणिनि से प्राचीन हैं। सन् १९२१ में पं. भगवद्दत्त ने अनेक हस्तलिखित पत्रों का सम्यग्दृष्टि से पठन एवं संशोधन करके अथर्ववेदीय 'माणकी शिक्षा' का सम्पादन किया था, जिसका प्रकाशन दयानन्द महाविद्यालय, लाहौर से हुआ था।

ध्वनिविषयक शिक्षा-ग्रन्थ

पाणिनीय शिक्षा -

यह अत्यन्त प्रसिद्ध शिक्षाग्रन्थ है। वैदिक और लौकिक दोनों के लिए उपयुक्त है। इसमें ६० श्लोक हैं। मुख्य विषय हैं वर्णो की संख्या, उच्चारण प्रक्रिया का ध्वनिशास्त्रीय वर्णन, स्थान और प्रयत्न का विवरण, संवृत-विवृत,घोष अघोष, स्पष्ट ईषत् स्पृष्ट आदि भेदों का वर्णन, पाठक के गुण-दोषों का वर्णन है।

भरद्वाज-शिक्षा –

इसमें पदों की शुद्धता तथा ध्वोनि भेद से उदात्त आदि स्वरों में भेद का वर्णन है ।

याज्ञवल्क्य-शिक्षा –

---

[53] आपिशलपाणिनीयगौतमीयाः -व्या.म.६/२/३६

इसमें २३२ लोक हैं । इसमें वैदिक स्वरों का विवेचन है । वर्णो के भेद, स्वरूप, परस्पर साम्य वैषम्य लोप, आगम, विकार, प्रकृतिभाव आदि का वर्णन है ।

प्रातिशाख्य-प्रदीप-शिक्षा –

इसमें स्वरवर्ण आदि की शिक्षा का विस्तृत विवेचन है । प्राचीन वैयाकरण के मतों का भी उल्लेख है ।

नारदीय शिक्षा –

सामवेद के स्वरों का विस्तृत विवेचन है ।।

अन्य कुछ मुख्य शिक्षा-ग्रन्थ ये हैं १. व्यास शिक्षा, २. वासिष्ठी शिक्षा, ३. कात्यायनी शिक्षा, ४, पाराशरी, शिक्षा, ५. माण्डव्य शिक्षा, ६, माध्यन्दिनी शिक्षा, ७, वर्णरत्न-प्रदीपिका, ८.केशवीशिक्षा, ९. स्वरांकन-शिक्षा, १०. स्वरभक्ति-लक्षणशिक्षा है।

इनके अतिरिक्त कुछ शिक्षा-सूत्र भी मिलते हैं। इनमें आपिशलि, पाणिनि और चन्द्रगोमी के शिक्षासूत्र प्रकाशित हैं । इनमें ध्वनि-विज्ञान **(Phonology)** से संबद्ध अनेक महत्त्वपूर्ण तथ्य प्राप्य हैं। इनमें अक्षरों की उत्पत्ति, स्थान और प्रयत्न, बाह्य और आभ्यन्तर करण आदि का विवेचन है।[54]

परा-अपरा विद्या के विवेचन है-

विद्या

परा अपरा

[54] वैदिक साहित्य एवं संस्कृति पृ १९२-१९३

(उपनिषद्/वेदान्त)

वेद	वेदाङ्ग
ऋक् यजुः साम अथर्व	
शिक्षा कल्प व्याकरण निरुक्त छन्द ज्योतिष	

पाणिनीय शिक्षा-

महर्षि पाणिनी द्वारा विरचित संस्कृत व्याकरणशास्त्र का महनीय ग्रन्थ अष्टाध्यायी है ।सम्पूर्ण जगत के वैयाकरणों एवं भाषाशास्त्रियों को चमत्कृत करता है। वर्णोच्चारण की शुद्धता के लिए महर्षि ने एक शिक्षाग्रन्थ की रचना भी की थी। प्रायः वह ग्रन्थ सूत्रात्मक ही था। पाणिनि मुनि के वर्णोच्चारण शिक्षा सम्बन्धी उपदेशों तथा सूत्रों को आत्मसात् करके उनके अनुज आचार्य पिङ्गल ने पाणिनीय शिक्षा की रचना की है। जिसे कुछ विद्वान् पाणिनि विरचित मानते हैं। श्लोकात्मक यह पाणिनीय शिक्षा बहुत प्रचलित हुई तथा मूल सूत्रात्मक शिक्षा लुप्त हो गई थी। महर्षि दयानन्द सरस्वती ने लुप्तप्राय सूत्रात्मक शिक्षा को विच्छिन्न एवं त्रुटित रूप में प्राप्त कर पुनरुद्धारपूर्वक प्रकाशित किया था। वर्तमान में सर्वाधिक प्रसिद्धि प्राप्त पाणिनीय शिक्षा के आचार्य पिङ्गल द्वारा श्लोक रूप में विरचित होने के प्रमाण हैं। उनमें काशी से प्रकाशित पाणिनीय शिक्षा की प्राचीन व्याख्या शिक्षाप्रकाश के प्रारम्भ में ही लिखा है-

ज्येष्ठभातृभिर्विहिते व्याकरणेऽनुजस्तत्र भगवान् पिङ्गलाचार्यस्तन्मतमनुभाव्य शिक्षा वक्तुं प्रतिजानीते।अथ शिक्षामिति।[55]

इसके अतिरिक्त इस शिक्षाग्रन्थ को पाणिनिकृत मानने पर इसमें प्राप्त होने वाले निम्न श्लोकों की भी सङ्गति नहीं होती है-

येनाक्षरसमाम्नायमधिगम्य महेश्वरात्।

कृत्स्नं व्याकरणं प्रोक्तं, तस्मै पाणिनये नमः।।

[55] शिक्षाप्रकाश ग्रन्थ

येन धौता गिरः पुंसां, विमलैः शब्दवारिभिः।

तमश्चाज्ञानजं भिन्नं, तस्मै पाणिनये नमः।।

अज्ञानान्धस्य लोकस्य, ज्ञानाञ्जनशलाकया।

चक्षुरुन्मीलितं येन, तस्मै पाणिनये नमः।।[56]

आचार्य मधुसूदन सरस्वती ने महिम्न स्तोत्र की टीका में पाणिनीय शिक्षा को पाणिनिमुनि के द्वारा ही विरचित माना है- तत्र सर्व वेदसाधारणी शिक्षा 'अथ शिक्षा प्रवक्ष्यामि' इत्यादि नवखण्डात्मिका पाणिनिना प्रकाशिता। [57]

शङ्के सम्प्रति निर्विशङ्कमधुना, स्वाराज्यसौख्यं वहन्,

नेन्द्रः सान्द्रजपः स्थितेषु कथमप्युद्वेगमभ्येष्यति।

यद्वाचस्पतिनिर्मितमित - व्याख्यानमात्रस्फुटत्,

वेदान्तार्थविवेकवञ्चितभवाः स्वर्गेऽप्यमी निस्पृहाः ॥[58]

3. पाणिनि का परिचय

संस्कृत भाषा को अद्‌भुत व्याकरण का उपहार देनेवाले पाणिनी का जन्म शालातुरग्राम में हुआ था।इसलिए पतञ्जलि ने इन्हें प्रायः शालतूरीय कहा है।इनकी माता का नाम दाक्षी था।अतः दाक्षीपुत्र भी कहे गये हैं।कथासरितसागर के अनुसार ये वर्ष नामक आचार्य के शिष्य थे। पाणिनीकाल ५००ई.पू में अधिकसंख्यक विद्वानों ने माना है ।[59] विश्व की भाषाओं में संस्कृत की सर्वप्राचीनता के साथ संस्कृत व्याकरण का महत्त्व भी सर्वमान्य है। व्याकरण शास्त्र के इतिहास में संस्कृत भाषा को परिष्कृत करने में पाणिनीय व्याकरण का नाम

---

[56] पाणिनीय-शिक्षा

[57] शिव महिम्नस्तोत्र, मधुसूदनी टीका, पृ. २४

[58] आ. ४ पा.१, श्लोक-२

[59] संस्कृत साहित्य का इतिहास पृ. ५५९

अविस्मरणीय रहेगा। यद्यपि पाणिनि से पूर्व अनेक आचार्यों ने इस संदर्भ में अपना-अपना महत्त्वपूर्ण योग दिया है किन्तु उनकी कृतियाँ सर्वाङ्गपूर्ण न होने से अपना प्रभाव नहीं छोड सकीं। अनेकों शताब्दियाँ व्यतीत हो गयी, फिर भी पाणिनि के प्रकाश में आज भी देववाणी का स्वरूप जन-साधारण के हृदय को आन्दोलित करता चला आ रहा है। यह परम्परा अनन्त काल तक संस्कृत जगत् को ज्योतिर्मय करती हुई सदैवविद्यमान रहेगी।

4. पाणिनीयशिक्षा की संरचना

पाणिनीयशिक्षा दो प्रकार के पाठ उपलब्ध है। १.सुत्रात्मक २.श्लोकात्मक। इनके भी दो-दो पाठ लघु और वृद्ध प्राप्त होता है। श्लोकात्मिका शिक्षा के लघुपाठ में ३५ श्लोक तथा वृद्धपाठ में ६० श्लोक है। वेबर ने लघुपाठ को यजुष पाठ और वृद्धपाठ को आर्च अर्थात ऋग्वेदीय पाठ मानते है। सुत्रात्मक शिक्षा के लघुपाठ ७७ सुत्र है। महर्षिदयानन्द सरस्वती ने इस पाठ को "वर्णोच्चारण शिक्षा" नाम से प्रकाशित कराया था। सुत्रात्मिका शिक्षा के वृद्ध पाठ मे १२० सुत्र है।[60]

पाणिनीयशिक्षा

१.सूत्रात्मक — लघु(७७) वृद्ध(१२०)

२.श्लोकात्मक — लघु(३५) वृद्ध(६०)

आजकल पाणिनीयशिक्षा में ११ खण्ड वताए जाते है। वीरमित्रोदय के परिभाषाप्रकाश में यह शिक्षा पञ्चखण्डात्मिका वताई गई है।[61] मधुसुदन सरस्वती ने यह शिक्षा नवखण्डात्मका वताया है।[62] पाणिनीयशिक्षा षष्टिपद्यात्मक श्लोक विशिष्ट ग्रन्थ है।[63]

---

60 पाणिनीयशिक्षा,सोमलेखा,चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान,दिल्ली, (पृ ६-७)

61 वाराणसी संस्करण (पृ-२०)

62 शिवमहिम्नस्तोत्र टीका (श्लो.७)

63 पाणिनीयशिक्षा,कौण्डिन्यायन शिवराज,चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्टान,(पृ ३५)

5. प्रस्तुत क्षेत्र में विद्यमान पूर्ववर्ती शोधकार्य-

१. प्रस्तुत शोध से सम्बन्धित कुछ शोध कार्य प्राप्त हुए है जो इस प्रकार है- मेहतो दामोदर, "पाणिनीयशिक्षा" २००५. प्रस्तुत शोध कार्य में भाषाके तात्विक एवं भाषिक विस्तृत शोधपूर्ण इन दोनों पक्षों पर विचार किया गया है। भाषविज्ञान की दृष्टि से प्रत्येक वाक्य की तरह उसके अवयवभूत पद के अन्तर्गत निहित अर्थतत्व तथा सम्बन्धतत्व पर विचार करते हुए कहा गया है अर्थतत्व वे तत्व है जो अभिव्यक्त भावों के सम्बन्ध को व्यवस्थित करते है। इस प्रकार प्रस्तुत शोध-कार्य में भाषा के विविध दिग पर विचार किया गया है।

